## महत्वपूर्ण एवं खास

### सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक 11 अप्रैल को

**रायगढ़ ।** जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में 11 अप्रैल को सामान्य प्रशासन समिति की बैठक पूर्वान्ह 11.30 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आहूत की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ डॉ.रवि मित्तल ने सर्वसंबंधित विभाग प्रमुख को नियत तिथि एवं समय पर अपने विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने हेतु कहा है।

### प्रशासन व पुलिस टीम के मध्य क्रिकेट मैच 9 अप्रैल को

**रायगढ़ ।** जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के टीमों के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन 9 अप्रैल 2022 को प्रात: 6.30 बजे से बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में होगा।

### पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय के लिए मेगा कैंप आज

**रायगढ़ ।** राजीव गांधी आश्रय योजना/ मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत् पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में 07 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में एक दिवसीय शिविर/मेगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें पट्टाधारी/ हितग्राही शिविर में ही पट्टे की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। उक्त शिविर में हितग्राहियों को लोन प्रदाय करने में सहयोग हेतु बैंक के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है की छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना/ मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पटटेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2% राशि देय होगी, यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अंतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2 % राशि जमा करना होगा।

### किसी भी दुकान से क्रय किए जा सकते है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हेतु गणवेश, अधिकृत नहीं है कोई विशेष फर्म

**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में स्वामी आत्मानंद योजनान्तर्गत संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गणवेश के संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गणवेश विक्रय हेतु किसी विशेष दुकान अथवा फर्म को अधिकृत नहीं किया गया है। पालक बाजार से किसी भी दुकान अथवा फर्म से गणवेश क्रय कर सकते हैं।

### एक लाख के इनामी मिलिशया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के भेजी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवीन कैम्प कोलाईगुड़ा में एक लाख के इनामी मिलिशया कमांडर पोडियम सोमड़ा पिता पोडियम हुंगा ने सीआरपीएफ पुलिस अधिकारियों टूआईसी पामुला किशोर, नीरज कुमार सिंह, सूर्यकान्त सिंह, सारंग, उप कमाण्डेंट यतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट भानू शेखर, पवन कुमार, विक्रान्त सिंह, जन्मजय सिंह, देवेन्द्र ठाकुर के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली मिलिशया कमांडर दक्षिण बस्तर डिवीजन अंतर्गत कोंटा एरिया कमेटी में सक्रिय था। भेजी थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल था।

# विकासखण्डों के खास उत्पादों की सी-मार्ट में करें बिक्री-कलेक्टर

**❒ कलेक्टर सिंह ने ली आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक**





**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर आजीविका संवर्धन के लिए संचालित गतिविधियों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इससे जुड़े विभागों के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां चलायी जा रही है। जिससे जुड़कर महिला समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है। शासन द्वारा महिला समूहों के उत्पाद के विक्रय में वृद्धि तथा बेहतर बाजार मुहैय्या कराने के लिए सी-मार्ट प्रारंभ किया गया है। इस सी-मार्ट के माध्यम से जिला मुख्यालय में अलग-अलग विकासखण्डों में विशेष रूप से तैयार होने वाले उत्पादों को उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने सी-मार्ट में जिले के सभी ब्लाकों में तैयार होने वाले प्रसिद्ध उत्पाद जैसे लैलूंगा के मिट्टी के बर्तन व जवाफूल चावल, घरघोड़ा के लाख की चूड़ियां, धरमजयगढ़ से सवई घास के घरेलू उपयोग के प्रोडक्ट जैसे खास उत्पादों को प्रमुखता से सी-मार्ट में बिक्री के लिए रखे और इन विकासखण्डों में इनके उत्पादन को भी बढ़ावा दें। जिसके लिए उन्होंने अधिक संख्या में महिला समूहों को जोडऩे व उन्हें ट्रेनिंग देने की बात कही।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने मुख्यत: विभागीय योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और गौठानों में संचालित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की योजना के तहत गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) विकसित किये जा रहे है, जिसमें महिला समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोडऩे के साथ ही पारंपरिक व्यवसायों को सहेजने संवारने की पहल भी की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने जिले के सभी स्कूल, आंगनबाड़ी व आश्रम छात्रावास को विकासखण्डवार मेपिंग कर इन गोठानों से लिंक करने के निर्देश दिए। जिससे कि आवश्यक राशन, सब्जी, अण्डे तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं की सीधी आपूर्ति उक्त संस्थाओं में हो सके। उन्होंने गौठानों में पेयजल व बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने वनोपज आधारित आजीविका गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने रेशम विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि रेशम के ताने जिले में तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रेशम के ताने तैयार होने पर उसे बुनकरों को कपड़ा तैयार करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए सारंगढ़ में जल्द ब्वॉयलर मशीन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही हथकरघा विभाग को इन तैयार तानों से कपड़े तैयार करवाने के निर्देश दिए।

एफआरए के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विभाग द्वारा वनअधिकार पत्र वितरण, कुऑ, डबरी निर्माण एवं समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने एफआरए कलस्टर में एजेंसीवार पूर्ण कार्यों की जानकारी ली। विभिन्न विभागों द्वारा कार्य लंबित होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जतायी और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि केसीसी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मछली एवं उद्यान विभागों को केसीसी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड के खलबोरा में विभागों द्वारा तैयार किए गए योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को हितग्राहियों के प्रशिक्षण के साथ उनको उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री व उपकरण तथा निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिंह की पहल पर जिले के वे छात्र जो नंगे पाव स्कूल जाते है उन्हें चप्पल प्रदाय किया जाएगा। बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सर्वे कर ऐसे बच्चों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जिसके आधार पर इन बच्चों को जिला प्रशासन की ओर से चप्पल उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास, उप संचालक रेशम कंवर, सहायक संचालक जिला पंचायत महेश पटेल, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन्मदिवस परिवार के साथ मनाने पुलिसकर्मियों को दी जा रही छुट्टी

**❒ पुलिस कार्यालय में मनाया गया आरक्षक विकास कुजूर का जन्मदिवस**



रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर जिले के थाना, चौकी एवं कार्यालयों में कार्यरत स्टाफ का जन्मदिवस उसके कार्यस्थल पर मनाया जा रहा है। पुलिसकर्मी इस विशेष दिन में पूरा समय परिवार के साथ व्यतीत करे, इसके लिए एसपी मीणा द्वारा उस दिन की पुलिसकर्मी को अवकाश देने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम आज दिनांक 06.04.2022 को पुलिस कार्यालय रायगढ़ में कार्यरत आरक्षक विकास कुजूर का जन्मदिवस कार्यालय में मनाया गया। मुख्य लिपिक जे.पी. चेलकर एवं सभी कार्यलयीन स्टाफ के बीच आरक्षक विकास कुजूर ने केक काट कर सभी को खिलाया। सभी विकास को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दिये। आरक्षक विकास को आज परिवार के साथ समय व्यतीत करने अवकाश भी दिया गया है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जोरापाली में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रायगढ़ ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन की चिरायु योजना अंतर्गत स्वस्थ बचपन सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली व आंगनबाड़ी केंद्र जोरापाली रायगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोइंग रायगढ़ की चिरायु टीम द्वारा नौनिहालों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि चिरायु योजना छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य योजना है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु की टीम अलग-अलग जगह पर जाकर नौनिहालों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है। कई बच्चे जन्मजात से ही कुछ बीमारियों के साथ पैदा होते हैं। वहीं कुछ अशुद्ध भोजन व अन्य किसी कारण से गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते हैं। बच्चों का चेकअप ना हो पाने की वजह से यह बीमारी उनके शरीर में धीरे-धीरे बढ़ती जाती है और गंभीर रूप ले लेती है। बच्चों की बीमारी को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ठीक कर सके इसी उद्देश्य को लेकर योजना के माध्यम से स्कूल, आंगनबाड़ी व अन्य स्थानों पर चिरायु टीम द्वारा जांच केंद्र स्थापित कर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्क्रीनिंग की जाती है। इसी तारतम्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोइंग की चिरायु टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली रायगढ़ व आंगनबाड़ी जोरापाली रायगढ़ के नौनिहालों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिरायु की टीम में डॉ. दीप्ति गुप्ता एवं डॉ अनीता चंद्रा तथा फार्मेसिस्ट हीना पटेल द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी शारीरिक कमियों, रोगों की पहचान का नि:शुल्क इलाज प्रदाय किया गया। चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों के वजन, ऊंचाई, शारीरिक बनावट, त्वचा की जांच, आंख, कान, नाक, गला, सहित अन्य शारीरिक परीक्षण कर पालकों की काउंसलिंग करते हुए पालकों व छात्र-छात्राओं को स्वस्थ बचपन और सुरक्षित भविष्य का महत्व समझाते हुए आवश्यकता अनुसार उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। परीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक आशीष रंगारी, सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार नायक, सहायक शिक्षिका शबाना खातून व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा जायसवाल उपस्थित रहीं।

# सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर लोगों की जान बचा रही डायल 112

**❒ पुसौर में तेज गति से वाहन चला रहा बाइक चालक स्पीड ब्रेकर पर गिरा**

**❒ बरमकेला में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक हुआ घायल**



**रायगढ़।** डायल 112 की ERV वाहन सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाकर जन हानि होने से बचाया जा रहा है। दिनांक 06.04.2022 को जिले की डायल 112 आपातकालीन सेवा द्वारा थाना पुसौर एवं थाना बरमकेला क्षेत्र अंतर्गत रोड एक्सीडेंट की सूचना पर समय पर आहतों को समय पर अस्पताल पहुंचा गया है।

जानकारी के अनुसार डायल 112 के कमांड कंट्रोल यूनिट रायपुर C4 से पुसौर राइनो को ग्राम पड़िगांव के पास रोड एक्सीडेंट की सूचना पर घायलों की मदद के लिए मौके पर रवाना किया गया । पुसौर राइनो में कार्यरत आरक्षक ठंडा राम गुप्ता द्वारा कॉलर से संपर्क कर वाहन चालक संकीर्तन के साथ घटनास्थल पहुंचा। कॉलर बताया कि दो बाइक सवार तेज गति से बाइक चलाने के कारण गतिरोध आ जाने से अपने बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाए और गिर गए हैं जिन्हें चोट लगा है और काफी खून निकल रहा है , घटनास्थल पहुंचकर मोटरसाइकिल CG 13-AA 7941 का चालक आहत अजय पाव पिता पटवारी पाव उम्र 27 वर्ष, कार्तिक यादव पिता खुशीराम यादव उम्र 25 वर्ष साकिन पंचधार थाना सरिया तथा दूसरे बाइक के चालक एवं बाइक में सवार आहत दर्शन चौहान पिता मायाधर चौहान उम्र 40 वर्ष साकिन बारडोल थाना पुसौर को 112 ERV वाहन की सहायता से सीएचसी बरमकेला पहुंचा कर उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

वही आज शाम 6:40 बजे बरमकेला राइनो को चाटी पाली रोड सेंट जेवियर स्कूल के सामने रोड एक्सीडेंट की सूचना पर तत्काल मौके पर आरक्षक शैलेंद्र सिंह पैकरा वाहन चालक दुर्गेश साहू के साथ मौके पर पहुंचे जहां मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 AE-7400 के चालक को अज्ञात वाहन ठोकर मार कर भाग गया था घायल मोटरसाइकिल चालक को राइनो स्टाफ द्वारा बरमकेला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया है।

# पुसौर क्षेत्र से गुम हुये दो किशोर लड़कियों को अयोध्या से रायगढ़ लायी पुसौर पुलिस

**❒ कापू पुलिस ने भी क्षेत्र से गुम हुये युवक युवती को दस्तयाब की**



रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा थाने में लंबित गुम इंसानों की गंभीरता पूर्वक जांच कर वर्ष 2021 एवं उसके पूर्व दर्ज किये गये सभी गुम नाबालिगों को दस्तयाब किया गया है। वर्तमान में थाना पुसौर में धारा 363 IPC के तहत दर्ज एक ही प्रकरण लंबित है, जो वर्ष 2022 का है जिसमें जांच जारी है।

थाना पुसौर के पर्यवेक्षण अधिकारी एएसपी माहेश्वर नाग द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर थाना प्रभारी पुसौर को अप.क्र. 241/2021 धारा 363 IPC में अदम दस्तयाब दोनों बालिकाओं को अयोध्या उत्तर प्रदेश से लेकर आने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा स्थानीय पुलिस से संपर्क स्थापित कर दोनों बालिकाओं के अयोध्या में होने की पुष्टि होने पर दोनों बालिकाओं को रायगढ़ लाया गया। दस्तयाब बालिका बताई कि दिनांक 25/10/2021 के दोपहर तीनों सहेलियां (उम्र क्रमश: 15, 16,17 साल) अपने घरों में सरिया जाना बताकर निकले थे और सरिया न जाकर रायगढ़ से ट्रेन में बैठकर अयोध्या चले गये थे। वहां गांव के कुछ लोगों से साथ थे। पुसौर पुलिस द्वारा दिनांक 18.02.2022 को एक बालिका को अयोध्या से रायगढ़ लाया गया था, वहीं अन्य दो बालिकाओं को आज दिनांक 06.04.2022 को रायगढ़ लाया गया है, जिनका महिला पुलिस अधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष कथन उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

कापू पुलिस द्वारा भी दिनांक 05.04.2022 को थानाक्षेत्र से पिछले वर्ष गुम हुये युवक राजेश लकडा तथा इस साल गुम रिपोर्ट दर्ज कराये गये युवती रुकमनिया को अलग-अलग स्थानों से दस्तयाब किया गया है।

# नशीली सिरप बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**❒ आरोपी से 14 नग कोरेक्स सिरप बरामद, एनडीपीएस एक्ट में भेजा गया जेल**



**रायगढ़ ।** दिनांक 05.04.2022 को लैलूंगा पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम दियागढ़ नाला के पास एक व्यक्ति थैला में प्रतिबंधित कोडिन युक्त (कोरेक्स सिरप) को अवैध रूप से बिक्री के लिये लेकर आते समय पकड़ा गया है ।

जानकारी के अनुसार दिनांक 05.04.2022 के दोपहर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूप नारायण साय को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति लैलूंगा से मन: प्रभावी पदार्थ कोडिन युक्त (कोरेक्स सिरफ) अवैध रूप से बिक्री के लिये लेकर जा रहा है । मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर स्टाफ के साथ रेड कार्रवाई के लिये रवाना हुये । ग्राम दियागढ़ नाला के पास पुलिस टीम छिप कर आरोपी के आने का इंतजार किये । थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति थैला लेकर आता दिखा जिसे रोककर पूछताछ किया गया जो अपना नाम कुमरमणी यादव बताया जिसके पास रखे तांत के थैला को चेक करने पर झोला के अंदर 100 ml वाली 14 नग कोडिन कोरेक्स सिरप कीमती 2,086/- रूपये का मिला जिसे कुमरमणी यादव द्वारा अवैध रूप से बिक्री करने के लिये लाना बताया । आरोपी कुमरमणी यादव पिता उद्धोबो यादव यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम दियागढ़ थाना लैलूंगा पर थाना लैलूंगा में धारा 21 (B) NDPS Act की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है ।

### सरपंच की हत्या में शामिल एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटेगुडरा के जंगल में सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में घेराबंदी कर सरपंच की हत्या में शामिल एक लाख का ईनामी नक्सली तोडा मंडावी को गिरफ्तार किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर फोर्स सर्चिंग पर निकली थी, इसी दौरान छोटे गुडरा और चालकी पारा के बीच जंगल में पुलिस बल को देखकर ईनामी नक्सली तोडा मंडावी छिप के भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.49 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव : केन्द्रीय पूल में 34.30 लाख मीट्रिक टन चावल जमा



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए 05 अप्रैल तक 97.49 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 34.30 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 18.14 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 16.16 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.49 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 75 लाख 06 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 59 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480